## खास-खबरें

### राजपूत ने छात्राओं के साथ किया मध्याह्न भोजन

**सागरः** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, तालचिरी में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री राजपूत ने विद्यालय की छात्राओं के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया। मंत्री सिंह ने शाला परिसर में कदम के पौधे का पौधरोपण किया। उन्होंने हरियाली बढ़ाने के लिए पौधरोपण को आवश्यक बताया।

### विचार समिति ने 501 स्थानों पर किया झंडावंदन

**सागर।** विचार समिति ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचार मोहल्ला विकास योजना से जुड़े परिवारों के बीच 501 स्थानों पर झंडावंदन किया। समिति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति सदस्यों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। इस दौरान एकनाथ अनुशिक्षण संस्था के सदस्य एवं विद्यार्थी, आदिनाथ परिवार के सदस्य और विचार समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। समिति की सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही राष्ट्र मजबूत बनता है। समिति की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि ग्राम मनेसिया स्थित विचार संस्कार विद्यालय में सरपंच सुंदर सिंह ठाकुर ने स्वतंत्रता दिवस पर झंडावंदन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समिति से जुड़े सदस्यों ने सहभागिता की। विचार सहायक सत्येंद्र जैन द्वारा अभिनव वाटिका में भी कॉलोनी के लोगों द्वारा ध्वजारोहण किया गया और 50 बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्वदेशी वस्तु भंडार में महिला परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष शकुंतला जैन ने झंडा वंदन किया।

### कमिश्नर ने किया ध्वजारोहण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** आयुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने निवास एवं कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्र की एकता-अखंडता का संकल्प लिया। कमिश्नर ने सभी को संबोधित करते हुए आशीर्वाद प्रदान करते हुए देशभक्ति की प्रेरणा से काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें कर्तव्य, सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होने की याद दिलाता है। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त (विकास) पीसी शर्मा, उपायुक्त राजस्व एवं भू-अभिलेख श्रीमती विमलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी, स्टेनो अनुराग पटेरिया, कर्मचारी एवं सुरक्षा स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पीसी शर्मा ने स्वरचित रचना सुनाई। इसके अलावा अन्य देशभक्ति से प्रेरित गीत भी प्रस्तुत किए गए। गीतों ने पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आमजन की सेवा को सर्वोपरि रखने का संकल्प भी दोहराया गया।

### कलेक्टर प्रतिभा पाल ने किया ध्वजारोहण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** सागर के कलेक्टर कार्यालय एवं कलेक्टर निवास पर 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह के दौरान राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन हुआ, जिसके पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तिरंगे को नमन किया। कलेक्टर श्रीमती पाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राष्ट्रहित में अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अविनाश रावत सहित कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### एकता समिति द्वारा ध्वजारोहण

सागर। एकता समिति ने स्वतंत्रता दिवस पर गुजराती बाजार में हर्षोल्लास पूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया। मुख्य अतिथि वयोवृद्ध समाजसेवी , कवि ऋषभ समैया ने ध्वजारोहण किया।

भारत माता की जय उद्घोष के साथ स्वतंत्रता का प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े एवं मिष्ठान का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, समाजसेवी निधि जैन, समिति संस्थापक रशीद भाई , अध्यक्ष सुधीर जैन, चंपक भाई, शरद गुप्ता, राजेंद्र मलैया, नीलेश समैया, प्रदीप समैया, अरुण जैन, सुरेंद्र पंचरतन, अजीत जैन, प्रमोद चौरसिया, राजेंद्र सोनी, निजाम भाई आदि उपस्थित थे। संचालन संजय शास्त्री ने किया। आभार कमलचंद जैन ने माना।

### युवा कांग्रेस ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर किया माल्यार्पण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** साहस,शौर्य और वीरता की प्रतीक तथा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान नायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की जयंती के अवसर पर सागर जिला युवा कांग्रेस के तत्वावधान में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी के मुख्य आतिथ्य में मकरोनिया चौराहा स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर लोधी समाज द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई वाहन रैली व शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य व आत्मीय स्वागत किया गया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी का जीवन साहस,त्याग और देशभक्ति की प्रेरणादायी मिसाल है।उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य आयोजन, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री ने किया ध्वजारोहण

# सुशासन व जन विश्वास का चल रहा अभियानः राजपूत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** सागर में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया, जहाँ मुख्य अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।

ध्वजारोहण के पश्चात् मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेशवासियों के नाम संदेश का सजीव प्रसारण किया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार 'एक देश-एक विधान-एक प्रधान-एक निशान' की मूल भावना के अनुरूप मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू कर रही है, साथ ही सुशासन और जन-विश्वास को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरुआत की गई है।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री राजपूत ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि आजादी के 80वें वर्ष में प्रवेश कर रहा भारत जल्द ही अपनी 100वीं वर्षगांठ तक एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनकर उभरेगा। उन्होंने सागर की ऐतिहासिक माटी को नमन करते हुए गोंड राजा संग्रामशाह, बुंदेला शासकों, मराठों और 1842 के बुंदेला विद्रोह से लेकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन तक सागर के वीरों के अतुलनीय योगदान को याद किया। मंत्री श्री राजपूत ने सभी से जिले के सर्वांगीण विकास में अपना यथासंभव योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

समारोह में देशभक्ति का उत्साह चरम पर रहा, जहाँ परेड कमांडर श्री रक्षित निरीक्षक, श्री आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में सशस्त्र बल, पुलिस प्रशिक्षण शाला, एनसीसी बालक-बालिका कैडेट्स और शौर्य दल की टुकड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया।

इसके साथ ही लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल विद्यालय, सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम में मंत्री राजपूत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

साथ ही, ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जूडो में रजत पदक जीतकर शहर का नाम रोशन करने वाली सागर की खिलाड़ी यामिनी मौर्य, देहदान करने वाले दानदाताओं के परिजनों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सांस्कृतिक एवं परेड प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं को दिए पुरस्कारः**

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न इकाइयों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता दल में सशस्त्र परेड श्रेणी में जेएनपीए सागर, 10वीं वाहिनी वि.स. बल सागर तथा पुलिस प्रशिक्षण शाला मकरोनिया। निशस्त्र परेड श्रेणी में 11 एमपी एनसीसी बालक, 7 एमपी एनसीसी बालिका एवं शौर्य दल सागर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रेणी में लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल विद्यालय सागर, सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल रहे।

**जिले की विकास गाथा पुस्तिका का किया गया वितरणः**

समारोह में जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित 'बदलते दौर का मध्यप्रदेश - जिले की विकास गाथा' पुस्तिका का वितरण उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों और आम नागरिकों को किया गया। यह पुस्तिका जिले के विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत करती है।

इस गरिमामयी अवसर पर सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र जैन, पूर्व विधायक सुधा जैन, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत, कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर प्रतिभा पाल डीआईजी शशिंद्र चौहान, एसपी अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी, डीएफओ वरुण यादव,नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत एसडीएम श्री रोहित वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेष द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, मोना दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, छात्र-छात्राएं और विशाल जनसमुदाय उपस्थित रहा।

## गायन, नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** उच्च न्यायालय, जबलपुर एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के ए.डी.आर. भवन में न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश महेश कुमार शर्मा द्वारा जिला न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के उपरांत किया गया। कार्यक्रम की थीम 'आजादी की उमंग, उल्लास के संग' रखी गई।

बच्चों ने गायन, नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता के साथ प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं विभिन्न स्वरूपों में फैंसी ड्रेस के माध्यम से बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस की भावनाओं को उल्लासपूर्वक अभिव्यक्त किया। बच्चों की प्रतिभा एवं उत्साह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री महेश कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र का भविष्य उसके भवनों, सड़कों या तकनीक में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी में छिपा होता है। हमारे बच्चे आने वाले भारत की तस्वीर हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से नहीं करनी चाहिए, क्योंकि प्रत्येक बच्चे में अपनी विशिष्ट प्रतिभा होती है। कोई पढ़ाई में, कोई खेल, कला, संगीत अथवा नई चीजें सीखने में बेहतर होता है।

कार्यक्रम में जिला न्यायालय सागर के समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दिव्या भलावी, कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अंकित श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते हुए बच्चों से कहा कि वे बड़े सपने देखें, मेहनत से उन्हें पूरा करें, असफलताओं से सीखें तथा अपने माता-पिता और देश को गौरवान्वित करें।

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर क्रमांक-172 का ढाना में शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** 11 एमपी बटालियन एनसीसी सागर के कैंप कमांडेंट कर्नल प्रताप रंजन मोहन्ती के मार्गदर्शन में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर क्रमांक-172 का आयोजन ढाना में किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन 15 अगस्त को कैंप कमांडेंट कर्नल प्रताप रंजन मोहन्ती ने एनसीसी कैडेट्स से परिचय प्राप्त किया। शिविर में लगभग 550 सीनियर डिवीजन, सीनियर विंग, जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के कैडेट्स तथा आरडीसी-2027 के लिए बेस्ट कैडेट्स के चयन में हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में कैडेट्स को पीटी, योग, ड्रिल, मैप रीडिंग और फायरिंग सहित विभिन्न सैन्य गतिविधियों का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ड्रिल के दौरान सलामी शस्त्र, गार्ड माउंटिंग तथा राजपथ के लिए मार्चिंग का भी अभ्यास कराया जा रहा है। शिविर के दौरान एनसीसी गतिविधियों के साथ खेलकूद, व्यक्तिगत साफ-सफाई तथा नैतिक एवं प्रेरणादायक विषयों पर व्याख्यान भी आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर का संचालन डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल दुष्यंत शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं सूबेदार मेजर राजकुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## आर्थिक स्थिति किसी पढ़ाई में बाधा न बने, हर बच्चे आगे बढ़ने का समान अवसर मिले : रिशांक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संकल्प फाउंडेशन की टीम शनिवार को किशोर न्यायालय क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंची। रिया कोचिंग क्लासेस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी सहित टीम के सदस्यों ने बच्चों से संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया एवं उनकी शैक्षणिक जरूरतों के बारे में जाना।

कार्यक्रम में बच्चों की जरूरतों और बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन की ओर से उन्हें छतरियां एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इस दौरान टीम के सदस्यों ने कोचिंग में पढ़ने आए बच्चों का मुंह मीठा कराया और उनके साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां बांटीं।

इस अवसर पर कोचिंग क्लास की संचालिका पुष्पा पटेल ने बताया कि यहां आसपास रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे पढ़ने आते हैं और उन्हें बिना किसी शुल्क के पढ़ाई में मदद की जाती है। उन्होंने बताया कि इस पहल से उन बच्चों की पढ़ाई में सुधार हो रहा है, जिनके परिवार निजी कोचिंग का खर्च नहीं उठा पाते।

यह जानकारी मिलते ही संकल्प फाउंडेशन की टीम के सदस्यों ने उपस्थित सभी बच्चों से मौजूदा शैक्षणिक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यकताओं की जानकारियां लेकर सूची तैयार की तथा पढ़ने वाले बच्चों की जरूरतों के अनुसार उचित सहयोग करने का भरोसा दिया। इस दौरान संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री रिशांक तिवारी ने नि:शुल्क कोचिंग क्लास की संचालिका पुष्पा पटेल जी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, वे अपने स्तर पर जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाकर प्रशंसनीय कार्य कर रही हैं।

## आन-बान और शान से लहराया तिरंगा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मालथौनः** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह बेहद हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही हो रही झमाझम बारिश भी देशभक्ति के इस महापर्व के उत्साह को कम नहीं कर सकी। बरसते पानी के बीच 'आजादी के तराने' गूंजे और तिरंगा पूरी आन-बान-शान से लहराया।

**किला प्रांगण में हुआ मुख्य समारोह :** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्य सामूहिक समारोह ऐतिहासिक किला प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष बुंदेल सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया।

ध्वजारोहण के उपरांत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक, नाट्य और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। नन्हें-मुन्ने बच्चों की इन आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया।

समारोह के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष जयंत सिंह बुंदेला, तहसीलदार रामप्रताप सिंह, रामकुमार बघेल, नप उपाध्यक्ष बलवीर सिंह राजपूत, योगेश जैन, मन्नूलाल मोदी और पुष्पेंद्र परिहार ,कुलदीप परमार ,बीईओ हम्मीर सिंह ,बीआरसी नरेश राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और शासकीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सरकारी कार्यालयों में भी हुआ झंडावंदन**

तहसील कार्यालयः तहसीलदार रामप्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया।

पुलिस थानाः थाना प्रभारी दिनेश भोजक ने ध्वजारोहण किया।

कृषि उपज मंडीः तहसीलदार एवं मंडी प्रतिनिधि भीकम सिंह यादव ने ध्वजारोहण किया।

कृषि विभागः प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुरेंद्र तिवारी ने ध्वजारोहण किया।

**मीसाबंदी की धर्मपत्नी का हुआ सम्मानः** बरोदिया कलां निवासी स्वर्गीय मीसाबंदी रामदीन यादव की धर्मपत्नी को सम्मानित किया गया। तहसीलदार आर.पी. सिंह ने उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर उनका नागरिक अभिनंदन किया।

**स्पेशल खबर** हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा भाजपा कार्यालय..

## महाशिवपुराण कथा से भक्तिमय हुआ वातावरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** पवित्र श्रावण मास में रविवार को धर्मश्री, अंबेडकर वार्ड स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय राजनीति की हलचल से अलग भगवान भोलेनाथ की भक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सनातन संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। कहीं श्रद्धालु अपने हाथों से मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग गढ़ रहे थे, कहीं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक हो रहा था तो कहीं 'हर-हर महादेव' और '? नमः शिवाय' के जयघोष वातावरण में गूंज रहे थे। शिवभक्ति के इस अनुपम दृश्य ने पूरे भाजपा कार्यालय परिसर को मानो शिवधाम में परिवर्तित कर दिया।

श्रावण मास के मंगल अवसर पर आयोजित एक दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। अनुष्ठान पंडित केशव गिरी गोस्वामी जी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। शंखध्वनि, शिव मंत्रों और भजनों के बीच जैसे-जैसे पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण होता गया, पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर होता गया। अनुष्ठान में पधारे अतिथियों का भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने तिलक लगाकर एवं पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ. लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया, कुश समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रभुदयाल पटेल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानी पटेल,नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व विधायक सुधा जैन,पूर्व विधायक महेश राय,डॉ.विनोद पंथी,लीगल राइट्स काउंसिल इंटरनेशनल की प्रदेश अध्यक्ष अनुश्री जैन,पूर्व महापौर इंजी. अभय दरे अनीता अहिरवार भाजपा नेता आकाश सिंह राजपूत, अविराज सिंह, यशवंत राठौर सहित पार्षदों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की।

## शुष्क दिवस पर आबकारी विभाग की सघन कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** शुष्क दिवस के अवसर पर जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा सघन कार्रवाई की गई। सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती कीर्ति दुबे के आदेश के परिपालन में आबकारी कंट्रोलर श्रीमती पूजा चंद्रन एवं मंडल प्रभारी श्री अशोक दवे के नेतृत्व में पृथक-पृथक दल गठित कर सागर शहरी एवं आंतरिक क्षेत्र, बण्डा, देवरी तथा रहली में गश्त एवं तलाशी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 14 प्रकरण कायम किए गए। गश्त के दौरान मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया गया, जो सीलबंद अवस्था में बंद पाई गईं। शहरी क्षेत्र में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत अवैध मदिरापान के विरुद्ध वृत्त दक्षिण एवं उत्तर में 2 प्रकरण दर्ज किए गए। वृत्त बण्डा प्रभारी श्रीमती रोशनी उरेती के नेतृत्व में प्राप्त सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर तलाशी कार्रवाई की गई। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण कायम कर 95 पाव सागर गोल्ड व्हिस्की, 3 लीटर कच्ची मदिरा एवं 120 किलोग्राम लाहन जप्त किया गया।

वृत्त देवरी एवं रहली प्रभारी श्री मृत्युंजय ठाकुर द्वारा ग्राम खैराना, छिरारी एवं उमरा में कार्रवाई करते हुए धारा 34(1) के तहत 4 प्रकरण कायम किए गए। पांच स्थानों की तलाशी के दौरान कुल 75 पाव मदिरा जप्त की गई।